CG में नकली तंबाकू गिरोह का भांडाफोड़: पुलिस ने 3 तस्करों को रंगे हाथों किया गिरफ्तार, 60 से अधिक बोरियों में मिला लाखों का माल किया गया जब्त

अभिषेक सेमर, तखतपुर। तखतपुर पुलिस ने नकली तंबाकू गिरोह के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बिलासपुर निवासी आकाश ढोढवानी, दीपक आहूजा और कोरबा निवासी अंशुल हंसराजानी शामिल हैं। पुलिस ने इनसे 60 से 70 बोरियों में लाखों रुपये का तंबाकू जब्त किया है, जो कि मार्केट में बिक्री के लिए तैयार था।

बता दें कि मार्केट में बढ़ते नशे के बीच तंबाकू की पकड़ मजबूत बनी हुई है। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए यह नकली तंबाकू गैंग लंबे समय से सक्रिय था, जो तंबाकू में अमानक पदार्थ मिलाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा था। इस गिरोह ने बाजार में नकली तंबाकू का जखीरा उतारा, जो दिखने में असली तंबाकू को भी मात दे रहा था। हालांकि, बाजार में तंबाकू की खपत और असली कंपनी की सप्लाई ने इस नकली गिरोह की तस्करी का भंडाफोड़ कर दिया।

Source: https://lalluram.com/fake-tobacco-gang-busted-in-takhatpur-police-arrested-3-smugglers-red-handed-seized-goods-worth-lakhs-stuffed-in-more-than-60-sacks/